URANIUM CORPORATION OF INDIA LIMITED
(A Government of India Enterprise)
(CIN: U12000 JH 1967 GOI 000806)
INDUSTRIAL TRAINING CENTRE

UCIL Township, Turamdih, PO: Sundernagar, Jamshedpur, Dist: Singhbhum (E), Jharkhand, PIN-832107
Phone No: 0657-2318015, E-Mail ID: - itc@urarniumcorp.in

यूसिल/ आई0टी0सी0 -03/2023-25(15) **13 - 05 - 2023**

सूचना

औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, यूसिल, तुरामडीह द्वारा सूचित किया जाता है कि भारत सरकार, कौशल विकास और उद्‌यमिता मंत्रालय, प्रशिक्षण निदेशालय जनरल द्वारा संबंधन **(Affiliation)** प्राप्त फिटर **(Fitter)** ट्रेड द्विवर्षीय, विधुत **(Electrician)** ट्रेड द्विवर्षीय, एवं वेल्डर **(Welder)** ट्रेड एक वर्षीय कोर्स में नामांकन हेतु दाखिला फॉर्म सत्र 2023-24/25 के लिए मैंट्रिक पास अभ्यर्थियों को दिनांक. 22/05/2023 से 05/06/2023 तक वितरित किया जायेगा । उपरोक्त कार्यालय से रु0. 350/- **(SC/ST/OBC)** एवं रु0. 500/-(समान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए) नगद भुगतान कर पाठयक्रम - विवरणी **(Prospectus)** एवं आवेदन फार्म कार्यालय दिवस में सुबह 10.00 बजे से अपराह्न 1.00 बजे के बीच उपलब्ध होगी । आवेदन जमा करने की अन्तिम तिथि 15/06/2023 है।

<u>औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र में नामांकन के लिए आवश्यक नियम एवं शर्तें।</u>

1. (क) फिटर ट्रेड मे ंरिक्तियों की संख्या - 16
   (ख) विधुत (इलेक्ट्रिशियन) ट्रेड में रिक्तियों की संख्या - 16
   (ग) वेल्डर ट्रेड में रिक्तियों की संख्या - 12
2. उम्र - न्यूनतम 14 वर्ष (1 जूलाई 2023 तक)
3. उपरोक्त व्यवसायो ं**(Trade)** में प्रशिक्षण हेतु नामांकन के लिये निम्नलिखित शर्तें मान्य होगी :-

(क) 50% सीट **(Seat)** पंचाट धारक (अवार्डी) विस्थापितों एवं उनके वंशजो **(Direct Descendant)** के लिए जिनकी जमीन **UCIL** परियोजना के लिए अधिग्रहित की गई है। वंशजों के सत्यापन के लिए अंचलअधिकारी/प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अथवा मुखिया/अपने ग्राम के ग्राम प्रधान के द्वारा निर्गत सत्यापित परिवारिक वंशावली ही मान्य होगी। मुखिया/ग्राम प्रधान की यह वंशावली मूल (Letter Pad) में होनी चाहिए जिसमें तिथि एवं रबर स्टाम्प युक्त अभिप्रमाणित होनी चाहिए। वंशावली सत्यापन के लिए शपथ पत्र मान्य नहीं होगी।

(ख) 30% सीट **(Seat)** उन अभ्यर्थियों के लिए जिनके गॉवो की जमीन यूसिल द्वारा अधिग्रहित की गई है, **i.e., Land Affected Persons.** अनुमंडल पदाधिकारी अथवा अंचल अधिकारी द्वारा निर्गत आवासीय प्रमाण पत्र ही मान्य होगी । शपथ पत्र मान्य नहीं होगी।

इस वर्ग में नियोजन के लिए निम्नलिखित प्रभावित गॉवों को चिन्हित किया गया है-

मौजा	गॉव का नाम
जादूगोड़ा, भाटिन, झारिया, राखा एवं सुरदा रिकवरी प्लांट	तिलाईटाड़, ईचड़ा, मेचुआ, माटीगोड़ा, भाटिन, झारिया एवं बेनाशोल
बागजाता एवं मुसाबनी रिकवरी प्लांट	रंगामाटिया, बागजाता, फुलझड़ी, बकड़ा, बदिया एवं लटिया
नरवापहाड़	राजदोहा, पाथर चाकड़ी, मुर्गाघुटु, एवं हाड़तोपा
तुरामडीह, बान्दुहुडांग, एवं मोहूलडीह,	नान्दुप, तुरामडीह, तालसा, पुड़ीहासा, बान्दुहुडांग, कुदादा, केरूवाडुंगरी, धोडांगा, मोहूलडीह, कुम्हारी, डुडरा, धातकिडीह, बह्ममणडुंगरी एवं तिरीलडीह

(ग) 10%सीट**(Seat) UCIL** कर्मचारियों के वार्डों के लिए है ।

(घ) 10%सीट**(Seat)** प्रबंधन द्वारा नामित अभ्यर्थियों के लिए है ।

नोटः- 1. उपर्युक्त विज्ञापन में वर्णित दिनांक समाप्ति के उपरान्त आवेदन स्वीकृत नहीं किया जायेगा ।

2. यह प्रशिक्षण **UCIL** के सामूहिक एवं सामाजिक दायित्व योजना के अर्न्तगत विस्थापितों एवं प्रभावित व्यक्तियों के नियोजनीय योग्यता बढ़ाने के लिए निःशुल्क दिया जा रहा है । इस प्रशिक्षण की समाप्ति के पश्चात् **UCIL** में नौंकरी का कोई भी प्रवधान नहीं है । प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद आवेदक नौकरी के लिए यूसिल में किसी तरह का दावा नहीं कर सकता है तथा इसके लिए यूसिल जिम्मेवार नहीं होगा ।

(प्राचार्य)
औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, तुरामडीह